## मोंथा तूफान और बारिश की वजह से कटाई से लेकर बोवनी तक हुए लेट

# रबी फसलों की बोवनी हो सकती है प्रभावित, हरी सब्जियों में लग रहे रोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा

**जिले में बारिश है कि खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही है। इस समय कृषि उपज मंडियों में लबालब ढेर होते थे परंतु कटाई से लेकर रबी की बोवनी तक लेट होने की पूरी संभावना है जिसका असर उत्पादन भी पड़ेगा। मंडियों में अभी खरीफ की मक्का की आवक अपेक्षाकृत बहुत कम है। मौसम खुलने पर गहानी के बाद ही अनाज मंडियों में पहुंचेगा।**

चक्रवात मोंथा के असर से बने निम्न दबाव क्षेत्र के कारण गत दिवस जिलेभर में दिनभर बारिश होती रही। लगातार बादल और फुहारों से शहर व ग्रामीण इलाकों में ठंडक घुलने लगी है और मौसम विभाग का अनुमान है कि बारिश थमते ही ठंड अपना असर और तेज करेगी। अधिकतम तापमान 32.3 डिग्री और न्यूनतम 22.2 डिग्री दर्ज किया गया। बारिश के चलते खेतों में फसल कटाई से लेकर शहर में विवाह समारोहों की तैयारियों तक पर असर पड़ा है।

मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि पूर्वी विदर्भ और दक्षिण छत्तीसगढ़ पर बना निम्न दबाव क्षेत्र मोंथा तूफान से जुड़ा है, जो उत्तर-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ते हुए अब कमजोर हो रहा है। इसके प्रभाव से जिले में बादल और बारिश का दौर शुक्रवार तक बने रहने की संभावना है। बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता और बढ़ा दी है। खेतों में मक्का की तैयार फसल कट नहीं पा रही है, जिससे फसल खराब होने का खतरा बढ़ गया है। वहीं लगातार बादली मौसम और नमी से टमाटर व गोभी में रोग और कीट लग रहे हैं। इससे फसलें सूखने लगी हैं।



### मक्का सहित टमाटर व गोभी की फसलें हो रही खराब

ग्राम रोहना के किसान अभिलाष ने बताया कि खेतों में खड़ी टमाटर की फसल को नुकसान हुआ है वहीं गोभी में रोग लगने लगे हैं। छिंदवाड़ा के किसान निखिल चंदेल ने बताया कि मक्का में फंगस लगना शुरू हो गया है जिससे जड़ गल रही है। चौरई के किसान वेदप्रकाश ने कहा कि मक्का की कटाई रुकने से रबी सीजन की गेहूं बोवनी में देरी होगी।

## खबर संक्षेप

### विधायक चौरे ने किया सैनिक मूलकर के घर जाकर सत्कार



**सौंसर।** 30 साल मां भारती की सेवा करने के बाद में सेवानिवृत्ति पर अपने घर आए थल सेना सैनिक सुबेदार निरंजन मुलकर का ग्राम बेलगांव में गर्मजोशी के साथ ग्रामवासियों के द्वारा स्वागत सत्कार किया, इस दौरान सौसर विधायक विजय चौरे ने सैनिक के निवास स्थान पर पहुंचकर सूबेदार निरंजन मुलकर का पुष्पमाला पहनकर स्वागत सत्कार करते हुए बधाईया देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की,इस दौरान विधायक श्री चौरे ने कहा कि सौसर क्षेत्र और पांढुर्णा छिंदवाड़ा जिले वासियों के लिए बड़ी फक्र की बात है कि सौसर क्षेत्र के बड़ी संख्या में युवा सरहदों पर मां भारती और देश की रक्षा कर रहे हैं,सैनिक निरंजन मुलकर ओर उनके परिवार को देश की 30 सालों तक सेवा और सुरक्षा करने के लिए मंगलकामनाए देता हूं।

### गीता दर्शन आध्यात्मिक शुचिता का सर्वोत्कृष्ट चिंतन हैः प्रो. अमर सिंह

**छिंदवाड़ाः** विश्वगीता प्रतिष्ठान की छिन्दवाड़ा इकाई द्वारा साप्ताहिक पाठ गीता दर्शन से चरित्र निर्माण विषय पर पंचेश्वर हनुमान मंदिर गांधीगंज में प्रेरक उद्बोधन देते हुए चांद कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अमर सिंह ने कहा कि गीता दर्शन आध्यात्मिक शुचिता, बौद्धिकता और पीका सर्वोत्कृष्ट चिंतन है। मनुष्य अपने विश्वासों की उपज होता है। अहंकार से मुक्त हुए बिना स्वयं का वास्तविकता से परिचय नामुमकिन है। मुसीबतें पराक्रमी की परीक्षा होती हैं। कर्म पर फोकस होने से तनाव से मुक्त मिलती है और काम में दक्षता आती है। हर चुनौती आत्मविकास का सदमार्ग होती है। स्थितप्रज्ञ ही सच्चा योगी होता है। संयोजक नेमीचन्द्र व्योम ने कहा कि कोई भी अपने कर्मों से बच नहीं सकता है।

## आज कोर्ट में किया जा सकता है पेश

# अपना मेडिकल की प्रोपराइटर ज्योति सोनी एसआईटी के हत्थे चढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

एसआईटी को चकमा देकर फरार अपना मेडिकल की प्रोपराइटर ज्योति सोनी को आखिरकार गिरफ्तार कर ही लिया गया। ज्योति जहरीली कप सिरप कांड में हुई 26 मासूम बच्चों की मौतों के लिए जिम्मेदार लोगों में से एक है। इस मामले में उनके पति डॉक्टर प्रवीण सोनी को इस मामले में सबसे पहले गिरफ्तार किया गया था। ज्योति सोनी पर मेडिकल स्टोर से जहरीली सिरप बेचने और सबूत को मिटाने के आरोप है।



ज्योति सोनी की गिरफतारी एसआईटी की सातवीं गिरफ्तारी है। इसके पहले कफ सिरप लिखने वाले डॉक्टर प्रवीण सोनी, उनके भतीजे और न्यू अपना फार्मो एजेंसी के संचालक राजेश सोनी के अलावा सौरभ जैन कैमिस्ट अपना फार्मा, सतीश वर्मा कंपनी के एमआर के अलावा जहरीली सिरप बनाने वाली कंपनी श्रीसन फार्मो इस्यूटिकल्स तमिलनाडु के मालिक रंगनाथन गोविंदन और कंपनी की महिला कर्मचारी महेश्वरी जो सैम्पल और दस्तावेज फर्जीवाड़े में संलिप्त थी को आरोपी बनाया गया है।

दरअसल यह मामला 26 बच्चों की मौतों के साथ साथ स्वास्थ्य विभाग के उन सभी डॉक्टरों की पोल खोलता हुआ नजर आया है जहां संचालकों और एजेंसियों के बीच एमआर के प्रयास से कमीशन की डिल फाइल की जाती थी और 25 से 40 प्रतिशत तक का कमीशन बांटा जाता था और इसी कमीशन के चलते डॉक्टर प्रवीण सोनी ने सैकड़ों की संख्या में जहरीली कफ सिरप को लिखते हुए मौत बांटते चले गए।

पुलिस विभाग और ड्रग विभाग की संयुक्त जांच में जो सामने आया है उससे तो यह स्पष्ट है कि सारा खेल कमीशन का था क्योंकि इनमें से अधिकांश आरोपियों के पास पर्याप्त लेखा जोखा के दस्तावेज नहीं है। साथ ही आय से अधिक सम्पति इनके द्वारा बनाई गई है। टैक्स चोरी के आरोप भी इन पर लग रहे है। एसआईटी ने यह संकेत दिया है कि आने वाले समय में जब परत दर परत खुलेगी तो अन्य कई संदिग्ध आरोपी जेल की सलाखों के पीछे होंगे।

अभी इस मामले में दो ऐसे डॉक्टरों की गिरफ्तारी होना शेष है जिन्होंने मौत के सिरप को लिखकर मौत बांटी है। एसआईटी का सारा केंद्र डॉक्टर प्रवीण सोनी को बनाया गया है। परंतु मौत बांटने वाले ये दो डॉक्टर अभी फरार ही चल रहे है। जल्द ही पुलिस इन पर शिकंसा कंस सकती है। यह तो आने वाला कल ही बताएगा कि 26 से अधिक मौतों के जिम्मेदारों पर प्रशासन क्या कार्यवाही करता है।

### अपना मेडिकल स्टोर की प्रोपराइटर है ज्योति

परासिया में हुए कफ सिरप कांड में सह आरोपी बनाई गई ज्योति सोनी अब एस आई टी (स्पेशल इन्वेस्टीगेशन टीम ) की गिरफ्त में है। जिसे आज मंगलवार को कोर्ट में पेश किया जा सकता है । बता दें कि ज्योति सोनी अपना मेडिकल स्टोर की प्रॉपराइटर है । ज्योति सोनी के द्वारा 30 अक्टूबर को अपर सत्र न्यायाधीश परासिया के समक्ष अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की थी , जिसे खारिज कर दिया गया था । जिसके बाद उसकी तलाश तेज कर दी गई थी। गौरतलब है कि परासिया में कफ सिरप के चलते 2 दर्जन से अधिक बच्चों की जान चली गई । इस मामले में सिरप कंपनी के मालिक रंगनाथन , कंपनी की तकनीशियन माहेश्वरी , डॉ प्रवीण सोनी , सहित अन्य 3 लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है ।

# सुनील ने योजनाओं के सही उपयोग से पेश की आत्मनिर्भरता की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले के विकासखंड अमरवाड़ा के ग्राम मेहलोन, के निवासी श्री सुनील डेहरिया ने पशुपालन के क्षेत्र में अपनी लगन, परिश्रम और योजनाओं के प्रभावी उपयोग से यह साबित कर दिया है कि सही दिशा और समर्पण के साथ ग्रामीण परिवेश में भी आत्मनिर्भरता और समृद्धि हासिल की जा सकती है।



श्री डेहरिया ने पशुपालन विभाग की सेक्स सोर्टेड सीमन से कृत्रिम गर्भाधान योजना तथा आचार्य विद्यासागर योजना का लाभ उठाकर वर्ष 2024-25 में 10 मुर्रा नस्ल की भैंसें प्राप्त कीं। इन योजनाओं के अंतर्गत उन्हें कुल 8 लाख 40 हजार रुपये का वित्तीय प्रबंधन और 2 लाख रुपये की अनुदान राशि प्राप्त हुई। साथ ही, उन्होंने प्रति पशु 110 रुपये की दर से सेक्स सोर्टेड सीमन का उपयोग किया। लगातार प्रयासों से उन्होंने नस्ल सुधार की दिशा में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। वर्ष 2022-23 से श्री डेहरिया ने नियमित रूप से सेक्स सोर्टेड सीमन का उपयोग प्रारंभ किया, जिसके परिणामस्वरूप उनके पशुओं से उच्च नस्ल की मुर्रा पड़ियों का जन्म हुआ। इससे दूध उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई और अब उनकी मासिक आय लगभग 25 हजार रुपये तक पहुँच चुकी है।

पहले जहाँ सामान्य नस्ल के पशुओं से सीमित मात्रा में दूध प्राप्त होता था, वहीं आज वैज्ञानिक तकनीकों और विभागीय मार्गदर्शन के कारण उनका पशुपालन व्यवसाय लाभकारी सिद्ध हो रहा है। पशुपालन विभाग के अधिकारियों द्वारा समय-समय पर उन्हें टीकाकरण, पोषण, उपचार और प्रजनन संबंधी तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

## कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए



**छिन्दवाड़ा।** जिले के कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने सोमवार को चौरई पहुंचकर एसडीएम एवं तहसील न्यायालय चौरई का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राजस्व न्यायालय में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को समय-सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री नारायन ने कहा कि जनसामान्य को न्याय एवं प्रशासनिक सेवाओं का लाभ समय पर दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने न्यायालयीन कार्यों में कार्यकुशलता और पारदर्शिता बनाए रखने पर जोर दिया। कलेक्टर श्री नारायन ने राजस्व न्यायालयों के प्रकरणों का अवलोकन करते हुए अधिकारियों से लंबित प्रकरणों की अद्यतन जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर प्रकरण का निराकरण राजस्व संहिता के नियमों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम चौरई श्री प्रभात मिश्रा, तहसीलदार चौरई श्रीमती प्रीति पटेल, कार्यपालिक दंडाधिकारी तहसीलदार श्री पुष्पेंद्र पांडे सहित दोनों राजस्व न्यायालयों के कर्मचारी उपस्थित थे।

## सात वर्षों से फरार वारंटी पकड़ाया

**छिंदवाड़ा।** पुलिस ने सात वर्षों से फरार चल रहे पांच हजार के इनामी वारंटी को दबोच लिया है। आज वारंटीयो की तामीली में सफलता हाथ लगी है। थाना देहात अंतर्गत आर्म्स एक्ट के प्रकरण में 07 वर्ष पुराने फरार उदघोषित इनामी 5,000/-रुपये का स्थायी वारंटी नीरज उर्फ अंबिका पिता त्रिलोकनाथ दुबे उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम गुरैया छाप्पर थाना देहात!थाना कोतवाली अंतर्गत चेक बाउंस के प्रकरण में एक वर्ष पुराने फरार उदघोषित इनामी 5,000/-रुपए का स्थायी वारंटी का निष्पादन कार्यवाही की गई। स्थायी फरार वारंटी को मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया।

इसक कार्यवाही में स्पेशल धरपकड़ पुलिस टीम से SI चेतन मर्सकोले, ASI नितेश ठाकुर, HC श्याम ठाकरे, HC रविंद्र ठाकुर,साइबर सेल नितिन सिंह, LC शैलकुमारी की अहम भूमिका रही। अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश से छिंदवाड़ा पुलिस द्वारा की गई यह कार्यवाही लगातार जारी हैं ।

# शहर कांग्रेस के पदाधिकारियों को दी एसआईआर की जानकारी

**छिन्दवाड़ाः-** विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) की जानकारी शहर कांग्रेस के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं बीएलए को दी गई। राजीव कांग्रेस भवन में आयोजित बैठक में मतदाता सूची के जिला प्रभारी सहित अन्य उपस्थित वक्ताओं ने सम्पूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराते हुए कहा कि बीएलए की जिम्मेदारी है कि वह प्रशासनिक BLO के साथ घर-घर पहुंचे। मतदाता सूची के जिला प्रभारी श्री राजकुमार मिश्रा ने आयोजित बैठक में उपस्थित शहर कांग्रेस के उप ब्लॉक अध्यक्ष, प्रभारी कार्यकारी अध्यक्ष वार्ड अध्यक्ष, बीएलए व शहर महिला कांग्रेस की उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के प्रत्येक बीएलए की जिम्मेदारी है कि वह प्रशासनिक BLO के साथ घर-घर पहुंचकर फार्म दे। इसके पश्चात नये मतदाताओं के नाम जोड़ने व नाम काटने की प्रक्रिया पर पूर्ण ध्यान दें। निगम अध्यक्ष धर्मेन्द्र सोनू मागो ने कहा कि यह प्रकिया बहुत ही महत्वपूर्ण है इसीलिये इसकी जिम्मेदारी केवल बीएलए की नहीं बल्कि समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की है। जिला कांग्रेस प्रवक्ता नितिन उपाध्याय ने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया के उपरांत भी फर्जी मतदाता सूची में गड़बड़ी के मामले सामने आ रहे हैं।

# कुंडीपुरा पुलिस ने मोटर चोरी के आरोपियों को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कुंडीपुरा पुलिस ने मोटर चोरी के आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की है। मिली जानकारी के अनुसार सतीष कुमरे पता बलकरण कुमरे उम्र 22 साल निवासी रामगढी थाना कुण्डीपुरा (2) जितेन्द्र उर्फ गोलू धुर्वे पिता सुरेश धुर्वे उम्र 32 साल निवासी ग्राम रामगढी थाना कुण्डीपुरा (3) सुनील पिता श्रीपाल मरकाम उम्र 33 साल निवासी रामगढी थाना कुण्डीपुरा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

उक्त तीनों संदेही द्वारा बताया गया कि 28 अक्टूबर को रात्रि करीब 11.00 बजे ज्योति वेयरहाउस सिवनी रोड छिंदवाड़ा के पास स्थित खेत कुआँ से पनडुब्बी मोटर एवं 3 सितंबर को ग्राम सहजपुरी के दुलीचंद उड़के के खेत की कुआँ में लगी पनडुब्बी मोटर एवं चोरी की दो मोटर तीनों के द्वारा सिवनी रोड स्थित प्रिंस ढआबा के सामने झाडियों में छिपाना बताये जो उक्त आरोपियों के कब्जे से दो पनडुब्बी मोटर बरामद कर आरोपी को थाना कुण्डीपुरा के अपराध क्रमांक-728/2025 धारा 303(2) बी.एन.एस. एवं अपराध क्रमांक 729/2025 धारा-303(2) बी.एन.एस. में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय छिंदवाड़ा में पेश कर जेल भेजा गया है।

**गिरफ्तार आरोपी :** (1) मंगल सतीष कुमरे पता बलकरण कुमरे उम्र 22 साल निवासी रामगढी थाना कुण्डीपुरा, (2) जितेन्द्र उर्फ गोलू धुर्वे पिता सुरेश धुर्वे उम्र 32 साल निवासी ग्राम रामगढी थाना कुण्डीपुरा, (3) सुनील पिता श्रीपाल मरकाम उम्र 33 साल निवासी रामगढी थाना कुण्डीपुरा

**आरोपियो से जप्त सामग्री** (1) दो पन्नडुब्बी मोटर कीमती करीब 26000/- रूपये ।

पूरी कार्यवाही में कुंडीपुरा पुलिस टीम की अहम भूमिका रही।

# जुआ-सट्टा बंद हो बंद होः युवक कांग्रेस

## एसडीएम और थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

जुआँ , सट्टा बंद हो बंद हो के नारे के साथ परासिया युवक कांग्रेस ने एस डी एम और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा है । साथ ही कहा , कि परासिया विधानसभा क्षेत्र अवैध कारोबार फल फूल रहा है ।

नाबालिग बच्चे नशे की गिरफ्त में है ।सोमवार को परासिया युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष उत्कृष्ट वाल्मीकि , विधानसभा प्रभारी राजा दुबे और युकां अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल के नेतृत्व में एस डी एम और परासिया थाना प्रभारी को विधानसभा क्षेत्र में चल रहे अवैध कारोबार जैसे सट्टा , जुआं , अवैध शराब विक्रय , अवैध रेत उत्खनन पर अंकुश लगाने के लिए ज्ञापन दिया गया ।

ज्ञापन में कहा गया कि इन अवैध धंधों का शिकार नाबालिग बच्चे भी हो रहे हैं । नाबालिग बच्चों को यहां - वहां सड़क किनारे , स्कूलों के आसपास , अंधेरी गलियों , खुले मैदानों में सिगरेट , गांजा पीते , नशीली दवाइयां लेते , नशे के लिए वाइटनर पीते देखा जा सकता है । सरकार बेरोजगारों को रोजगार नहीं दे पा रही है , पर अवैध धंधों पर मौन स्वीकृति है , अब प्रशासन से उम्मीद है , कि वह ऐसे मामलों पर पूर्णतः अंकुश लगाए । ज्ञापन देते समय युवा नेता अम्बर चौरसिया , युवराज परतेती , अर्जुन रिवारे सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे ।



### शिवपुरी थाना क्षेत्र में चल रहा जुआं

दीपावली के दो दिन पहले से शिवपुरी थाना क्षेत्र के झूर्रे और रावनवाड़ा में जुआं धड़ल्ले से चल रहा है । जिसे पकड़ने में पुलिस अब तक नाकाम है । हालांकि स्थानीय पुलिस को को जानकारी है , कि ये जुए की जमघट कौन लोग लगवा रहे है । रावनवाड़ा के हापड़ में , झूर्रे में पानी की टंकी के आसपास ऐसी जगह पर जहां पुलिस की पहुंच मुश्किल होती है वहां जमघट लगाई जाती है । इनके लोग भी अलग अलग जगहों पर तैनात रहते हैं । जो जरा सी भी भनक लगने पर अपने आका को सूचना दे देते हैं । सूत्रों से पता चला है , कि अन्य थाना क्षेत्र की पुलिस ने दो बार दबिश दी पर कोई हाथ नहीं लगा । देखना है , कि पुलिस को कब कामयाबी मिलेगी ।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर छिंदवाड़ा से नागपुर तक निकलेगी साहसिक साइकिल यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छिंदवाड़ा महाविद्यालय कार्यविभाग द्वारा एक भव्य एवं साहसिक साइकिल यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा छिंदवाड़ा से नागपुर तक निकाली जाएगी, जिसमें जिले के महाविद्यालयीन विद्यार्थी एवं संघ के स्वयंसेवक उत्साहपूर्वक भाग लेंगे।यह साइकिल यात्रा 5 नवंबर को प्रातः छिंदवाड़ा से प्रारंभ होकर लिंगा – उमरानाला – रामाकोना – सौसर – बोरगांव – सावनेर होते हुए निर्धारित मार्गों से गुजरते हुए निकाली जाएगी। प्रथम दिवस का रात्रि विश्राम बोरगांव में होगा। उसके पश्चात 6 नवंबर को बोरगांव से पुनः यात्रा प्रारंभ होकर नागपुर पहुंचेगी, जहाँ रेशम बाग कार्यालय में इस यात्रा का




समापन किया जाएगा।विदित है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शुरुआत नागपुर से हुई थी,तथा डॉक्टर हेडगेवार जी ने राष्ट्रवादी विचारधारा का बीजारोपण कर पहली शाखा नागपुर में ही प्रारंभ की थी।इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभावना, शारीरिक सुदृढ़ता, सामूहिक अनुशासन एवं समाज जागरण के संदेश का प्रसार करना है। यात्रा के दौरान स्थान-स्थान पर स्वागत एवं संवाद कार्यक्रम भी होंगे। संगठन द्वारा इसे शताब्दी वर्ष का एक प्रेरणादायी ऐतिहासिक अवसर बताया गया है। यात्रा की प्रमुख विशेषताएँ –महाविद्यालयीन युवाओं एवं स्वयंसेवकों की सहभागिता, 2 दिवसीय साहसिक यात्रा – लगभग 125 किलोमीटर दूरी, समापन स्थल – रेशमबाग, नागपुर (डॉ. हेडगेवार स्मृति स्थल)रहेगा। साहसिक साइकिल यात्रा में भाग लेने के लिए पूर्व से ही विद्यार्थियों द्वारा भारी मात्रा में पंजीयन कराया गया है,उक्त साइकिल यात्रा में पंजीयन कराने वाले विद्यार्थी ही भाग ले सकेंगे। नागपुर रेशमबाग पहुंचे विद्यार्थियों द्वारा डॉक्टर हेडगेवार जी के स्मारक सहित विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों का भ्रमण किया जाएगा तथा भारत माता की आरती का आयोजन भी प्रतिभागियों द्वारा किया जाएगा।



### अनुज सरवैया ने चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए फाइनल परीक्षा में रचा इतिहास

**छिंदवाड़ा।** अनुज सरवैया ने चार्टर्ड अकाउंटेंट सी ए फाइनल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का इतिहास रचा है।अपनी इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता ललितामनी सरवैया एवं मनीराम सरवैया और बहन मेखिला सरवैया को दिया है। अनुज सरवैया मधुबन कॉलोनी निवासी स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के बैंक मैनेजर श्री मनीराम सरवैया एवं श्रीमती ललिता सरवैया के सुपुत्र है। अनुज का कहना है कि परिवार के आशीर्वाद, सहयोग और प्रेरणा से ही यह सफलता संभव हुई।

## अमरवाड़ा विधानसभा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की कार्यशाला का हुआ आयोजन

# जीएसटी और वोकल फॉर लोकलः एक नए युग की शुरुआतः यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव और विधायक कमलेश शाह की उपस्थिति में अमरवाड़ा विधानसभा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल अभियान पर विस्तार से चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल अभियान से स्थानीय व्यापारी, किसानों और कारीगरों को लाभ हुआ है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा



जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि जीएसटी और वोकल फॉर लोकल आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए हमारे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। जीएसटी यानी गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स, जो देशभर में एक समान कर प्रणाली है। इसका उद्देश्य करों की जटिलताओं को दूर करना और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। जीएसटी के लागू होने से व्यापार और उद्योग को काफी फायदा हुआ है।

उन्होंने कहा कि वोकल फॉर लोकल एक अभियान है, जिसका उद्देश्य स्थानीय उत्पादों और व्यवसायों को बढ़ावा देना है। यह अभियान हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा शुरू किया गया है, जो आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

न्होंने कहा कि जीएसटी और वोकल फॉर लोकल के संयोजन से हमारे देश की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इससे स्थानीय व्यवसायों को बढ़ावा मिल रहा है, और लोगों को रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं। इसके अलावा, जीएसटी की संशोधित दरों से उपभोक्ताओं और उत्पादकों दोनों को लाभ हो रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले वोकल फॉर लोकल अभियान शुरू किए इसके बाद वे जीएसटी रिफॉर्म लाए और फिर उन्होंने आत्मनिर्भर भारत अभियान का शंखनाद किए, ये उनकी विकसित भारत के लिए दूरगामी सोच के कुछ आयाम हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा भारत को अग्रणी राष्ट्रों में लाने के लिए प्रयासरत रहे हैं और उनके प्रयासों में मध्यप्रदेश की मोहन यादव सरकार कदम से कदम मिलाकर चल रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं का आवाहन किया कि हम सब मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत को जन आंदोलन बनाते हुए विकसित भारत के संकल्प को घर घर तक पहुंचाएं।

### विधायक विजय चौरे, प्राचार्य श्रीमती शैलजा बत्रा थे मुख्य अतिथि

# छात्रावास दिवस पर छात्र-छात्राओं ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

नगर के एस सी,एस टी बालक एंव बालिका छात्रावास मे सामुहिक रूप से छात्रावास दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक विजयजी चौरे,प्राचार्या श्रीमती शैलजा बतरा की उपस्थिती मे कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया, आयोजन में पौधारोपण,छात्र-छात्राओ के गीत नृत्य भाषण आदि के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देखकर उपस्थितों की तालियां बटोरी, आयोजन को संबोधित करते हुए उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य श्रीमती शैलजा बत्रा ने छात्रावास दिवस पर सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि आयोजन बहुत सुंदर हुआ है साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं के द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी जिसके लिए सभी छात्र-छात्राएं बधाई के पात्र है, इस आयोजन के बाद में सभी छात्र-छात्राओं ने मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए और अपने परिवार और अपने सपनों को साकार करना चाहिए। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया कार्यक्रम मे सौसर छात्रावास अधीक्षक माणिकराव जुनघरे,महेंद्र सोमकुवर श्रीमती शामवती इवनाती,प्रीति राउत,अरूण ठाकरे आनंद ठाकरे,मंसाराम इवनती,रमेश कुमरे आदि थे।

### कांग्रेस-बीजेपी से बहुजन समाज सावधान रहेः बसपा

**सौंसर।** बहुजन समाज पार्टी एक दिवसीय प्रशिक्षण (कॅडर) शिविर पीपला नारायण वार में संपन्न हुआ है। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ बाबासाहेब अंबेडकर महात्मा ज्योतिबा फुले एवं बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक मान्यवर कांशीराम साहब के प्रतिमा माल्यार्पण अभिवादन के साथ किया गया,शंकर मंगल भवन संपन्न हुए एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में अजाब शास्त्री, ज्ञानेश्वर गजभिये,डॉ. सी.एम. गेडाम थे। आयोजन को संबोधित करते हुए बसपा नेता श्री गजभिए ने कहा की सालों से भाजपा और कांग्रेस के नेताओं के द्वारा अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अल्पसंख्यक संपूर्ण बहुजन समाज के लोगों को गुमराह करने का काम किया है।

### शासकीय कॉलेज दमुआ में हर्षोल्लास से मनाया गया मध्यप्रदेश स्थापना दिवस

**दमुआ।** उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल द्वारा जारी आदेश क्रमांक 15/951/आशि/आका/2025, दिनांक 12 अक्टूबर 2025 के निर्देशानुसार एवं प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय दमुआ के मार्गदर्शन में उक्त आदेश के अनुसार राज्य के सभी शासकीय, अशासकीय एवं निजी महाविद्यालयों में 1 से 3 नवम्बर 2025 तक मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह मनाने के निर्देशानुसार आज शासकीय महाविद्यालय दमुआ में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान और मध्यप्रदेश गान के सामूहिक गायन से किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी रंगोलियों और सजावट से आकर्षक रूप से सजाया गया।इस अवसर पर मध्यप्रदेश की गौरवशाली संस्कृति, परंपरा, इतिहास और उपलब्धियों पर आधारित भाषण, निबंध, एवं पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और प्रदेश के प्रति अपने गर्व और समर्पण की भावना व्यक्त की।इस कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष मोनू साहू , राजेश सिरसाम पूर्व जनपद अध्यक्ष गणमान्य नागरिक , छात्र छात्राएं एवं समस्त महाविद्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहा।जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री दिलीप गोहे ने अपने उद्बोधन में कहा कि "मध्यप्रदेश हमारी संस्कृति, एकता और विकास की पहचान है। हमें अपने प्रदेश की प्रगति में सक्रिय योगदान देना चाहिए।"

# छात्राओं ने बारीकी से जाने बालविवाह के दुष्प्रभाव




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

बाल विवाह भारतीय लोकजीवन की उन्नत तस्वीर पर बदनुमा दाग की तरह है,एक तरफ हमारी सांस्कृतिक चेतना बच्चों में भगवान का अक्स देखती है दूसरी तरफ बाल विवाह, मौजूदा समाज की चेतना में उदासीनता का स्थायी भाव बेहद दुःखद है।

हर जिले में बाल विवाह प्रतिषेध कानून के तहत एक अधिकारी को प्रभारी बनाया गया है जिसे बाल विवाह के मामले में पुलिस की तरह गिरफ्तारी तक के अधिकार प्रावधानित है ।बाल विवाह की सूचना के लिए टोल फ्री नम्बर 181,112, ओर1098 पर दे सकते ,सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाता हे । इन सभी विषयो पर जानकारी देने ,महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ब्रजेश शिवहरे के निर्देशन मे जागरूकता कार्यक्रम कन्या शिक्षा परिसर छात्रावास बिछूआ मे किया गया । इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता शयामल राव ने उपस्थित छात्रो को बताया की बाल विवाह प्रतिषेद अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह करना एवं करवाना कानुनन अपराध हे । एसा करने वाले व्यक्ति को दो लाख का जुर्माना एवं एक वर्ष की कठोर सजा का प्रावधान हे ,वही सामूहिक विवाह आयोजनों में अगर बाल विवाह की घटनाएं होती है तो आयोजकों के विरुद्ध भी सख्त कारवाई इस कानून के तहत सुनिश्चित की जाती है। बाल विवाह प्रतिषेध कानून भारत के सभी नागरिकों पर लागू है इसलिए कोई सम्प्रदाय विशेष इस कानून से परे होने का दावा कोई नही कर सकता है।

# आवागमन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था बनाने एसडीएम से की गई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया से पिपरिया रोड पर स्तिथ रेलवे ब्रिज के निर्माण के चलते रेलवे विभाग के द्वारा 14 नवंबर से 4 अप्रैल तक के लिए इस मार्ग को बंद किया जा रहा है । इस मार्ग पर आवागमन की वैकल्पिक व्यवस्था बनाने के लिए सोमवार को युवा मोर्चा मंडल के लोगों ने एस डी एम शुभम यादव से चर्चा की । चर्चा में मोर्चा अध्यक्ष सिद्धार्थ मुखर्जी , जिला पंचायत सदस्य अरुण यदुवंशी , नगरपालिका सभापति नरेंद्र विश्वकर्मा , भाजपा एस टी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रूपेंद्र डेहरिया , पप्पू सोनी , गौरव वाजपेयी एवं नागरिक गण उपस्थित थे ।एसडीएम श्री यादव ने आश्वासन देते हुए कहा , कि आम नागरिकों की आने - जाने की वैकल्पिक रास्ता का निर्माण किया जाएगा जिससे आम जनता को परेशानी ना हो ।

### बायपास और ईडीसी है विकल्प

ब्रिज का निर्माण पूरा होने तक परासिया - तामिया - पिपरिया मार्ग लगभग 5 माह बंद रहेगा । ऐसी स्तिथि में परासिया से न्यूटन , बेलगांव , तामिया की ओर जाने वालों को ई डी सी से वार्ड 1 ओझा मोहल्ला होते हुए परासिया - जामई रोड पर स्तिथ साईं मंदिर के पास निकलना होगा , इसके अलावा बाईपास से होते हुए परासिया आना होगा । इसके अलावा फिलहाल कोई रास्ता नहीं है । हालांकि मैगजीन लाइन से एक वैकल्पिक रस्ता बनाया जा सकता है । जो उक्त दोनों रास्तों से छोटा होगा , पर यहां रेलवे ट्रैक मसला बनेगा ।

# किसानों की समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चौरई ने सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेसजनों ने किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने और कृषि से जुड़ी दिक्कतों के समाधान की मांग की।ज्ञापन में प्रमुख रूप से मक्का का समर्थन मूल्य 2400 रुपये प्रति क्विंटल तय कर खरीदी करने, बारिश से खराब हुई फसलों का तत्काल सर्वे कर मुआवजा देने, आगामी सीजन में खाद व बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति और किसानों की लंबित भुगतान राशि शीघ्र जारी करने की मांग की गई।मक्का गेहूं की पलारी जलाने की अनुमति हो व अन्नदाता कर किसी प्रकार की रिपोर्ट दर्ज न होकांग्रेस



पदाधिकारियों ने कहा कि यदि प्रशासन जल्द ही किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं करता, तो कांग्रेस संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा।इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तीरथ सिंह ठाकुर,प्रमेन्द्र साहू, धीरज खंडेलवाल,राम तिवारी, विक्की ठाकुर, रामु वर्मा, अरविंद दाहिया, स्वामी पटेल, मुख़्तार शेक, लेखराम पटेल, दीपक सुलखिया, सर्वेलाल चंद्रवंशी, तामसिंह सनोडिया, सुनील चौहान, रामकृष्ण वर्मा, अनवर मंसूरी सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्रिंसी बोबडे का सैनिक स्कूल में हुआ चयन

**बिछुआ।** नगर के एकमात्र सीबीएसई स्कूल आई.टी. इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल झामटा की छात्रा प्रिंसी बोबडे का अपने पहले ही प्रयास में केंद्र सरकार द्वारा संचालित सैनिक स्कूल, नगरोटा(जम्मू) में कक्षा छठवीं के लिए मध्यप्रदेश से एकमात्र ओबीसी कैटेगरी सीट के लिए चयन हुआ। जिसके उपलक्ष्य में विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री डॉ. आर. पी. यादव सर( प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय बिछुआ), श्री लक्ष्मीकांत जी नागरे( जिला मंत्री, भाजपा) एवं श्री शैलेश जी चोपड़े ( मंडल अध्यक्ष, भाजपा) द्वारा छात्र को पुष्पमाला से सम्मानित किया गया एवं विद्यालय के उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्यों की सराहना की। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमति पूजा बोबडे एवं समस्त विद्यालय परिवार द्वारा छात्रा को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की गई।



### सरदार पटेल यथार्थवादी और दूरदर्शी थे- डॉ. सरिता कोल्हेकर

# महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

शासकीय शंकर साव पटेल कला, वाणिज्य एवं विधि महाविद्यालय वारासिवनी में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में संस्था के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 एस0एस0 गेड़ाम के मार्गदर्शन, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी नरेन्द्र कुमार डोंगरे एवं एनएसएस अधिकारी कृष्णा पराते के संयुक्त नेतृत्व में लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह का आयोजन किया गया।



समारोह का प्रारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। राष्ट्रीय एकता दिवस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए एनएसएस अधिकारी कृष्णा पराते ने अपने उद्बोधन में सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को नाडियाल गुजरात में हुआ था। सरदार वल्लभ भाई पटेल भारत की स्वतंत्रता संग्राम के महान नेता एवं कुशल प्रशासक और देश की एकता के प्रतीक है।

महाविद्यालय के एनसीसी इकाई के कॅप्टन डॉ0 हेमन्त कुमार मण्डाले ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में देश के हित के लिए सरदार वल्लभ भाई पटेल के दिखाये हुए मार्ग पर चलना अत्यन्त आवश्यक है। हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 रक्षा निकोसे ने अपने वक्तव्य में कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अपना राजनीतिक जीवन सन्‌ 1917 में अहमदाबाद नगरपालिका के अध्यक्ष पद को प्राप्त करने के साथ किया।

मुख्य अतिथि वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ0 सरिता कोल्हेकर ने अपने सारगर्भित वक्तव्य में कहा कि सरदार पटेल यथार्थवादी और दूरदर्शी थे और यही कारण है कि भारत की स्वतंत्रता के पश्चात सन्‌ 1948 में 562 रियासतों को भारतीय संघीय शासन में विलय किया। जो भारत के विकास को एक नयी गति एवं नई दिशा प्रदान करता है।

समारोह के अंत में कार्यक्रम अध्यक्ष संस्था प्रभारी प्राचार्य डॉ0 एस0एस0 गेड़ाम ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय सिविल सेवा (आईएएस एवं आईपीएस) जैसी प्रशासनिक सेवाओं को संरक्षित कर उन्होंने प्रशासन को सशक्त और अनुशासित रूप प्रदान किया।

# शासकीय महाविद्यालय में मनाया गया मध्यप्रदेश स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

शासकीय शंकर साव पटेल कला, वाणिज्य एवं विधि महाविद्यालय वारासिवनी में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में संस्था प्रभारी प्राचार्य डॉ0 एस0 एस0 गेड़ाम के मार्गदर्शन, स्वामी विवेकानंद कॅरियम मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी नरेन्द्र कुमार डोंगरे एवं एनएसएस अधिकारी कृष्णा पराते के संयुक्त नेतृत्व में 01 नवम्बर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह का अयोजन किया गया।



समारोह का प्रारंभ मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता विक्रांत साकरे सह विभाग कार्यवाहक सिवनी विभाग, विशिष्ट वक्ता श्री अनिल, विशिष्ट वक्ता शिवदयाल बोपचे सदस्य जनभागीदारी समिति शासकीय महाविद्यालय वारासिवनी, सुश्री मनीषा जायसवाल सदस्य जनभागीदारी समिति शासकीय महाविद्यालय वारासिवनी एवं संस्था प्रभारी प्राचार्य डॉ0 एस0एस0 गेड़ाम द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। समारोह में उपस्थित अतिथियों, महाविद्यालयीन परिवार एवं लगभग 113 छात्र-छात्राओं द्वारा मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन किया गया।

मुख्य अतिथि विक्रांत साकरे द्वारा मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश की गौरवशाली परम्परा, भौगोलिक स्थिति, संस्कृति और विविध संदर्भो पर अपने विचार व्यक्त किये।

विशिष्ठ अतिथि अनिल जी ने कहा कि शिक्षा के साथ आध्यात्म का होना मनुष्य के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यन्त आवश्यक है। मध्यप्रदेश एवं बालाघाट के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का उल्लेख करते हुए छात्र-छात्राओं को संक्षिप्त परिचय से अवगत कराया।

संस्था प्रभारी प्राचार्य डॉ. गेडाम द्वारा मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि आत्म निर्भर मध्यप्रदेश में पर्यटन, उद्योग एवं विज्ञान के क्षेत्र में निरंतर प्रगति होना गौरव का विषय है।

समारोह में मुख्य रूप से डॉ0 तृप्ति सोनवे, हेमन्त गनवीर, डॉ0 पूर्णिमा कुमरे, श्रीमती सविता सेनवार, श्रीमती सरिता नागवंशी, श्रीमती रश्मिबाला पारधी, श्रीमती शिल्पा वासनिक, श्रीमती हर्षिता मेश्राम, श्रीमती मोनिका सोनी, डॉ0 मनोज गजभिये, डॉ0 इमरान खान, डॉ0 पवन सिंह, विजय दान्दरे, डॉ0 तपेश चौरे, सुनील कुमार चौरे, संतोष कुमार गोखले, पराग पालेवार उपस्थित रहे। समारोह का सफल मंच संचालन स्वामी विवेकनंद कॅरियार मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी नरेन्द्र कुमार डोंगरे द्वारा किया गया एवं समारोह में उपस्थित सभी सम्मानीय अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया गया।

### बकरामुण्डी चौक के समीप हुआ हादसा

# लांजी में सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत



हरिभूमि न्यूज लांजी।

लांजी सालेटेकरी मार्ग पर बकरामुण्डी चौक के समीप एक सड़क हादसे में रोड किनारे खड़े एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम घोटी नंदोरा निवासी केशोराव पिता बंसीलाल हनौते उम्र 60 वर्ष के रूप में हुई है।

### पुलिस ने दर्ज किया मामला

पुलिस ने बताया कि केशोराव 3 नवंबर को सुबह 10:30 बजे लांजी सालेटेकरी मार्ग पर बकरामुण्डी चौक पर खड़ा था, तभी एक मोटर सायकल चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसे पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में केशोराव गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें सिविल अस्पताल लांजी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### पुलिस जांच में जुटी

पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और मर्ग पंचनामा सहित अन्य कानूनी कार्यवाही पूर्ण कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मर्ग क्रमांक 80/25 धारा 194 बीएनएस के तहत मर्ग जांच शुरू कर दी है।

# कोदो कुटकी के उपार्जन पर किसानों को मिलेगी 1 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत समर्थन मूल्य पर बालाघाट जिले के इतिहास में पहली बार किसानों से मोटे अनाज कोदो-कुटकी का शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर उपार्जन किया जायेगा। जिले में कोदो कुटकी के समर्थन मूल्य पर पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित की गई थी, जिसे अब शासन के निर्देशानुसार बढ़ाकर 09 नवंबर कर दिया गया है। इसके लिए जिले में कोदो-कुटकी का उत्पादन करने वाले किसान भाइयों से अपील की गई है कि वे असुविधा से बचने, अंतिम तिथि के पहले ही 09 नवंबर के पहले अपना पंजीयन अवश्य करवा लें।

उपसंचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि कोदो-कुटकी का उत्पादन करने वाले किसानों के पंजीयन के लिए 05 पंजीयन केन्द्र बनाए गए हैं। इसमें बिरसा विकासखंड के सेवा सहकारी मर्यादित समिति दमोह, लांजी विकासखंड अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्यादित सालेटेकरी, बैहर विकासखंड के आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था बैहर, परसवाड़ा विकासखंड के आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था उकवा तथा बालाघाट, किरनापुर, वारासिवनी, लालबर्रा कटंगी एवं खैरलांजी के लिए सेवा सहकारी समिति मर्यादित पायली को पंजीयन केंद्र निर्धारित किया गया है। इन केन्द्रों पर कृषकों द्वारा पंजीयन कराया जा सकता है और शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

श्री अन्न उत्पादक जिले के कृषकों से श्री अन्न कंसोर्टियम ऑफ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (श्री अन्न फेडरेशन) द्वारा कोदो-कुटकी का उपार्जन किया जायेगा। खरीफ-2025 में उत्पादित श्री अन्न कुटकी 3500 रूपये प्रति क्विंटल एवं कोदो 2500 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से खरीदा जायेगा। इसके अतिरिक्त कृषको को प्रोत्साहन राशि के रूप में 1000 रुपये प्रति क्विंटल की दर से संबंधित कृषकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से प्रदाय किया जायेगा।

### स्काउट गाइड का प्रथम व द्वितीय सोपान का प्रशिक्षण प्रारंभ, ध्वजारोहण कर प्रार्थना की

**वारासिवनी।** नगर के प्रतिष्ठित इंग्लिश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी में स्काऊट गाइड के प्रथम एवं द्वित्तीय सोपान का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण के प्रथम दिन बच्चों द्वारा मैदान में व्यायाम व पी. टी. का अभ्यास किया गया। तत्पश्चात बच्चों ने स्काऊट गाइड झंडे का ध्वजारोहण कर प्रार्थना की। स्काऊट गाइड प्रशिक्षक डी. बी. भगत द्वारा बच्चों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप शर्मा द्वारा अपने उद्बोधन में राष्ट्र सेवा, स्काऊट गाइड में कैडेट्स को पूर्ण अनुशासन का पालन करने की बात कही। कार्यक्रम में विद्यालय के स्काऊट गाइड प्रशिक्षक रविशंकर पटले एवं ऋतु अटराहे ने बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

# कनक कटारे ने रंगोली प्रतियोगिता में जिले में तृतीय स्थान हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

संस्था संस्कार भारती द्वारा आयोजित जिला स्त्तरीय रंगोली प्रतियोगिता के श्रेणी 'ख' विद्यालय स्तर (हायर सेकण्डरी) में केशव इंग्लिश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी की कक्षा बारहवीं की छात्रा कनक कटारे ने जिले में तृतीय स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है।

विद्यालय में एक संक्षिप्त कार्यक्रम में 'संस्कार भारती' के जिला उपाध्यक्ष प्रदीप खण्डेलवाल द्वारा कनक कटारे को एक हजार रूपये की राशि व ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप शर्मा ने अपने उद्बोधन में बच्चों को अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और अपनी कला को मंच तक लाने के लिए आगे बढने का आव्हान किया।

कनक की इस शानदार सफलता के लिये समस्त स्टाफ एवं ज्ञान विकास समिति ने शुभकामनाये प्रेषित की। ज्ञातव्य है कि पुरूस्कार की राशि 'ड्रीम फिटनेस सेंटर' वारासिवनी की संचालिका सुनीता पंचम हनवत द्वारा प्रदान की जाती है। सभी ने उनका आभार व्यक्त किया।

**खबर संक्षेप**

### राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान गायन से हुई माह की शुरुआत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में माह के प्रथम कार्यदिवस की शुरुआत राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान के सामूहिक गायन से हुई। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की उपस्थिति में अधिकारी एवं कर्मचारी पंक्तिबद्ध होकर शामिल हुए और अनुशासित वातावरण में राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ सामूहिक गायन किया। आयोजन से सभाकक्ष में देशभक्ति, अनुशासन और एकता का वातावरण निर्मित हुआ, जिससे माह का शुभारंभ हुआ।

### स्नातक कक्षाओं हेतु नवीन संरचना पर कार्यशाला का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय कुरई ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत अध्यादेश 14 (1) अनुसार स्नातक कक्षाओं हेतु नवीन संरचना, अध्यादेश 14(2) अनुसार स्नातकोत्तर कक्षाओं हेतु नवीन संरचना,स्वयं पोर्टल, अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्य बीएस बघेल के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के डाइनिंग हॉल में पीपीटी के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति नोडल अधिकारी प्रो पंकज गहरवार ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य अध्यादेश 14 (1) के प्रावधानों जैसे भारतीय ज्ञान परंपरा, मूल्य संवर्धन, कौशल विकास और बहुविषयक पाठ्यक्रम, क्रेडिट सिस्टम,से शिक्षकों और छात्रों को परिचित कराना हैं। यह अध्यादेश शिक्षा के साथ साथ विद्यार्थियों को अनुसंधान का अवसर प्रदान करने एवं उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में अध्यादेश 14(1) की नवीन संरचना वर्ष 2025-26 में लागू होगी। डॉ राजेन्द्र कटरे ने पीपीटी प्रजेंटेशन के माध्यम से अध्यादेश के मुख्य बिंदुओं,मूल्यांकन विधि, क्रेडिट ट्रान्सफर आदि को विस्तार से समझाया। प्रो जेपी मरावी ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य समग्र, समावेशी और बहुविषयक शिक्षा को बढ़ावा देना है। छात्रों को अपनी रूचि और योग्यता के अनुसार सीखने का अवसर मिलेगा। डॉ तीजेश्वरी पारधी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत एमडीसी एक बहुविषयक पाठ्यक्रम हैं, जो छात्रों को उनके मेजर और माइनर विषयों के अलावा एक अलग विषय में ज्ञान प्राप्त करने की अनुमति देता हैं।

### बाल विवाह रोकथाम हेतू पुलिस व प्रशासन की भूमिका कार्ययोजना विषय पर कार्यशाला

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला प्रशासन व पुलिस की संयुक्त पहल अंतर्गत वन स्टॉप सेंटर व महिला बाल विकास विभाग के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय नर्सिंग कॉलेज सिवनी में बाल विवाह मुक्त समाज हेतू कार्ययोजना तैयार की गई, जिला पुलिस की ओर से बाल विवाह रोकथाम हेतू पुलिस की भूमिका विषय पर निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे द्वारा विस्तार से संबोधित करते हुए बालक/बालिकाओ को बाल विवाह व लैंगिक अपराधों से सुरक्षा हेतू बाल विवाह निषेद्य अधिनियम 2006,पोक्सो एक्ट 2012,डॉयल 112,चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, महिला हेल्प लाइन 1090, साइबर हेल्प लाइन 1930, की जानकारी सांझा की गई व बाल विवाह रोकथाम हेतू विद्यालय स्तर पर काउंसलिंग, सोशल मीडिया से अनजान लोगों से होने वाले संपर्क से बालक,बालिकाओ को कैसे सुरक्षित करें, इस हेतू प्रत्येक जिले में महिला थाना, व प्रत्येक थानों में महिला ऊर्जा डेस्क व महिला अधिकारी की पदस्थापना,चाइल्ड फ्रेंडली कक्ष व बाल कल्याण अधिकारी की नियुक्ति और बच्चों के गुम होने के प्रकरणों में गुम इंसान के साथ साथ अपहरण कीधाराओं में विवेचना और ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस किस तरह संवेदनशीलता से लगातार कार्य कर बच्चों को खोजकर उनके जीवन को सुरक्षित करती हैं।

## पेंच टाइगर रिजर्व में तेंदुए ने किया सांभर का शिकार: जबड़े में दबाकर झाड़ियों में ले जाते दिखा; पर्यटकों ने कैमरे में किया कैद

**सिवनी जिले के पेंच टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी के दौरान पर्यटकों को एक दुर्लभ वन्यजीव नजारा देखने को मिला।**



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** एक तेंदुए ने सांभर का शिकार किया और उसे अपने जबड़े में दबाकर झाड़ियों की ओर ले जाते हुए दिखाई दिया। पर्यटकों ने इस घटना को अपने कैमरों में कैद कर लिया।

यह घटना सुबह की जंगल सफारी के दौरान हुई, जब तेंदुआ जंगल के बीच बनी कच्ची सडक़ के पास सांभर का शिकार कर रहा था। शिकार करने के बाद तेंदुआ सांभर को लेकर झाड़ियों की तरफ चला गया।

इस दृश्य को देखकर पर्यटक आश्चर्यचकित रह गए। पेंच टाइगर रिजर्व में नया पर्यटन सत्र 1 अक्टूबर से शुरू हो चुका है। वर्षाकाल (प्रजनन अवधि) के तीन माह बाद कोर क्षेत्र खुलने के बाद बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। वे वन्य प्राणियों और प्रकृति को करीब से देखने का अनुभव कर रहे हैं।

पेंच नेशनल पार्क बाघ, तेंदुआ, भेडिय़ा और जंगली बिल्ली जैसे शिकारी जानवरों का घर है। इसके अलावा, यहां चीतल, सांभर, गौर, जंगली सूअर, नीलगाय और चौसिंगा जैसे कई शाकाहारी जानवर भी पाए जाते हैं। पार्क में 200 से अधिक प्रजातियों के पक्षी भी हैं, जिनमें मोर प्रमुख है।

देश-विदेश से बड़ी संख्या में सैलानी पेंच राष्ट्रीय उद्यान आते हैं, जहां उन्हें बाघ सहित विभिन्न वन्यप्राणियों को देखने का अवसर मिलता है। ऐसे नजारे पर्यटकों के लिए यादगार अनुभव बन जाते हैं।

## सिवनी पुलिस ने रात में सड़कों पर गश्त की यातायात व्यवस्था सुधारी, वाहनों की जांच कर ठेले हटवाए



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी पुलिस ने शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, रात में पैदल गश्त की। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के नेतृत्व में अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रमुख चौराहों का भ्रमण किया। कोतवाली थाना प्रभारी सतीश कुमार तिवारी ने सुबह बताया कि इस गश्त का उद्देश्य आम जनता में सुरक्षा का विश्वास बढ़ाना और आपराधिक तत्वों में भय पैदा करना था। इस दौरान यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए वाहनों की जांच की गई। सडक़ पर खड़े हाथ ठेलों को हटाकर किनारे लगवाया गया, ताकि यातायात सुचारु रूप से चल सके। गश्त में पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के साथ कोतवाली थाने का स्टाफ शामिल था। यह गश्त थाना कोतवाली से शुरू होकर दलसागर शराब दुकान, झिरिया चौक और बस स्टैंड होते हुए विभिन्न स्थानों पर की गई। पुलिस बल ने बाजार व्यवस्था का भी जायजा लिया और वाहन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि उन्हें कोई संदिग्ध गतिविधि या असामाजिक तत्व दिखाई दें, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

## सिवनी जम्बो सीताफल फॉरमर प्रड्यूसर के स्टॉल में आकर नगर निगम भोपाल कमिश्नर संस्कृति जैन ने स्टॉल की बहुत सराहना की

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्य प्रदेश स्थापना दिवस 1-3 नवंबर अभ्युदय मध्यप्रदेश कार्यक्रम भोपाल स्थित लाल परेड ग्राउंड 2025 पर सिवनी जम्बो सीताफल फॉरमर प्रड्यूसर के स्टॉल में आकर नगर निगम भोपाल कमिश्नर मैडम सुश्री संस्कृति जैन मैडम द्वारा स्टॉल की बहुत सराहना किया और सिवनी जिले को याद कर सिवनी जिले वासियों को




## गोल्डन टेंपल छपारा में देवउठनी ग्यारस तुलसी विवाह बड़े धूमधाम से हुआ संपन्न

**सिवनी/छपारा।** 1 नवंबर 2025 को बैनगंगा तट छपारा में स्थित सिवनी जिले का प्रसिद्ध भगवान लक्ष्मी नारायण गोल्डन टेंपल में भगवान शालिग्राम जी एवं तुलसी माता का विवाह ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ पावन अभिषेक अर्चन मंदिर ट्रस्टी परिवार के शिवकुमार शिवहरे अशोक शिवहरे विनोद शिवहरे ने सपत्नीक भगवान का पूजन अर्चन किया इस अवसर पर गोल्डन टेंपल धर्मार्थ ट्रस्ट के सदस्यों के साथ ही छपारा नगर के गणमान्य नागरिक धार्मिक बंधु उपस्थित थे भव्य आकर्षक आतिशबाजी से आसमान भी जगमगा उठा महाआरती के बाद प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। ज्ञात होवे कि



उक्त मंदिर का निर्माण स्व देवलाल सत्यभामा शिवहरे जी की पुण्य स्मृति में छपारा के शिवहरे परिवार वैभव लक्ष्मी ग्रुप द्वारा कराया गया है। जहां वर्ष भर धार्मिक आयोजन होते रहते हैं और मंदिर की ख्याति जिले ही नहीं अपितु अन्य जिले में भी है जहां प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में भक्तों का तातां लगा रहता है।

### एक दिवसीय केम्पस ड्राइव का आयोजन आई.टी.आई.लखनादौन मे 07 नवंबर को

**सिवनी।** जिला रोजगार अधिकारी सिवनी ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय सिवनी एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था लखनादौन के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 07 नबम्बर 2025 दिन शुक्रवार को प्रातः 09 बजे से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था लखनादौन में हिन्दुस्तान युनिलिवर लिमिटेड छिंदवाडा द्वारा ट्रेनीज की भर्ती हेतु एक दिवसीय केम्पस ड्राइव का आयोजन किया जा रहा हैं। न्यूनतम आयु 20 से 30 वर्ष के इच्छुक आवेदक जो आई.टी.आई. फिटर, इलेक्ट्रानिक मैकेनिक, इंस्ट्रुमेंट मैकेनिक, इलेक्ट्रीशियन, (महिला/पुरूष), कोपा (केवल महिला अभ्यर्थी) डिप्लोमा, स्नातक डिग्री उर्तीण है, (वर्ष 2021 से 2025 आई.टी.आई. पास आउट) इसमें भाग ले सकते हैं। नियुक्ति प्राप्त आवेदकों को प्रतिमाह न्यूनतम 22000/- रूपयें का वेतन प्राप्त होगा।

## प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस सिवनी में हर्षोल्लास से मनाया गया मध्य प्रदेश स्थापना दिवस

**सिवनी।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश के निर्देशन में प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस सिवनी में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस समारोह 1 नवंबर से 3 नवंबर 2025 के मध्य 70 वां स्थापना दिवस महाविद्यालय प्राचार्य डॉ रवि शंकर नाग के संरक्षण में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया।



कार्यक्रम के दौरान वंदे मातरम तथा मध्य प्रदेश गान का सामूहिक गायन किया गया। मध्य प्रदेश स्थापना दिवस समारोह जिला प्रशासन द्वारा पुलिस ग्राउंड में समस्त विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति में मनाया गया। जहां पर महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक मध्य प्रदेश के विकास पर्यटन एवं संस्कृति के स्थलों की फोटो प्रदर्शनी दिखाई गई। इसके उपरांत महाविद्यालय में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ मान सिंह बघेल द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि 1956 में राज्यों के पुनर्गठन के फल स्वरुप 1 नवंबर 1956 को नया राज्य मध्य प्रदेश का उदय हुआ तथा मध्य प्रदेश एक आत्मनिर्भर बनकर प्रदेश एवं देश की प्रगति में अपना योगदान दे रहा है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण एवं प्रश्नमंच में भी बढ़-चढक़र भाग लिया। 03 नवंबर को समापन अवसर पर महाविद्यालय

### जंगल का संरक्षण तभी संभव है जब उसके आसपास रहने वाले समुदाय भी सुरक्षित और समर्थ हों

## ठंड में जंगल के जरूरतमंदों लोगों को मिलेगी मदद की गर्माहट

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



सर्द हवाओं के साथ ठंड ने दस्तक दे दी है। ऐसे में पेंच टाइगर रिज़र्व (पीटीआर) सिवनी के आसपास बसे वनग्राम, विस्थापित गांव के स्कूली बच्चों, समुदायों और जंगल सुरक्षा में तैनात सुरक्षा श्रमिकों के परिवारजनों के लिए एक मानवीय पहल की शुरुआत हुई है। इस सर्दी, आपका एक कंबल किसी परिवार के लिए गर्मी, देखभाल और उम्मीद बन सकता है।

इसी संदेश के साथ पेंच प्रबंधन ने आम नागरिकों से जुडऩे और जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने का अभियान शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य सिर्फ ठंड से बचाव नहीं, बल्कि उन लोगों के परिवार तक संवेदना पहुंचाना है जो दिन-रात जंगल की सुरक्षा में लगे रहते हैं या वन क्षेत्र के पास रहते हुए भी सीमित संसाधनों में जीवन यापन कर रहे हैं। पेंच प्रबंधन के मुताबिक इस सामाजिक पहल के तहत कोई भी नागरिक या संस्था अपने स्तर से नए या साफ.-सुथरे कंबल प्रदान कर सकती है।

इसके लिए प्रबंधन ने अपने मुख्यालय सहित टुरिया, खवासा, रूखड़ और करमाझिरी गेट पर कंबल एकत्र करने व वितरण के लिए प्रभारियों के संपर्क नंबर जारी किए हैं। नागरिक इनसे सीधे संपर्क कर कंबल जमा करा सकते हैं या वितरण में सहयोग दे सकते हैं। जंगल और आसपास के इलाकों में सर्दी के मौसम में तापमान काफी कम हो जाता है, इससे वन क्षेत्र के रहवासियों को गर्म कपड़ों के अभाव में ठंड में दिन-रात गुजारना मुश्किल होता है। ऐसे में यह पहल उन्हें न केवल शारीरिक राहत देगी बल्कि मनोबल भी बढ़ाएगी। सिवनी जिला सहित विभिन्न क्षेत्रों के नागरिक व कई संगठन इस अभियान से जुड रहे हैं। कई लोग व्यक्तिगत रूप से पेंच के गेटों पर जाकर कंबल सौंप रहे हैं, जबकि कुछ संस्थाएं सामूहिक रूप से संग्रह कर वितरण की तैयारी कर रही हैं।

### नागरिक बन सकते हैं सहयोगी

बताया कि वन और वन्यप्राणियों की सुरक्षा में लगे कर्मियों के परिवारजनों और क्षेत्रीय जरूरतमंद बच्चों, बुजुर्गों की मदद के लिए नागरिक कंबल सीधे पेंच टाइगर रिजर्व कार्यालय सिवनी भेज सकते हैं। इसके अलावा पेंच के टुरिया गेट पर दीपक मिश्रा 9644962501 पर, खवासा गेट पर सतीराम उइके को 9340099477,रुखड़ गेट पर फिरोज़ खान को 9406722511, करमाझिरी गेट पर रमेश उइके 6260038577 को संपर्क कर जरूरतमंदों के लिए कंबल पहुंचा सकते हैं। पेंच टाइगर रिजर्व के टुरिया में कंबल संग्रह व वितरण प्रभारी डिप्टी रेंजर दीपक मिश्रा ने बताया कि जंगल का संरक्षण तभी संभव है जब उसके आसपास रहने वाले समुदाय भी सुरक्षित और समर्थ हों। यह अभियान सिर्फ दान नहीं, बल्कि साझी जिम्मेदारी का प्रतीक है। सर्दी में जरूरतमंदों तक गर्माहट पहुंचाने की यह पहल निश्चित रूप से मानवता और प्रकृति संरक्षण दोनों का सुंदर उदाहरण बन रही है।

## पतित पावन पुन्य शलीला मां बैनगंगा की जीवनी...

**सोनखार।** 2147 बैनगंगा- दक्षिण पूर्व मध्य प्रदेश की एक प्रमुख नदी है जो सिवनी जिले के मुख्यालय से 12 किमी दूर स्थित है, जो कि सिवनी जिले के मुख्यालय से 12 किमी दूर स्थित है। हुई महाराष्ट्र राज्य में प्रवेश। महाराष्ट्र को लंघते हुए महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के सिरौंजा और आंध्रप्रदेश में महादेवपुरम के पास प्राणहिता के नाम से गोदावरी में संगम हुई, बंगाल की खाड़ी में शामिल है। बनगंगा, उद्गम स्थल मुंडारा से गोदावरी में अपने संगम तक लगभग 750 किलोमीटर के अपने प्रवाह पथ में बिजना, थेल, सागर, हिर्री, कन्हान, पैनगंगा, वरदा (वर्धा) आदि नदियाँ और कई नालों को अपने में समाहित किया हुआ है। बात करें बाणगंगा और हिर्री के संगम की जो सिवनी और बालाघाट की सीमा में बसे ग्राम सरेखा (केवलारी विकास खंड के उगली इलाके से लगभग 8 किमी दूर) और बालाघाट के गुनाड़ी ग्राम के मध्य में है। यह इस क्षेत्र के लिए एक छोटा सा तीर्थ स्थल एवं आस्था का केंद्र है। इस संगम स्थल में प्राकृतिक कार्तिक मास की पूर्णिमा से अगहन बाजार तक भव्य मेला लगता है। इस जन आस्था एवं परम पूज्य संत स्वामी अनुभवानंद जी, काशी कुंड पीठाधीश्वर श्री जगतगुरु मंडल जी महाराज, स्थानीय क्षेत्रीय वर्ष विप्रगण, श्री चंदनगिरि जी महाराज.. तथा हरि इच्छा से दिनांक 07/5/22 25 मार्गशीर्ष (अगहन) कृष्ण द्वितीय दिवस शुक्रवार से 17/17/25 मार्गशीर्ष त्रयोदश दिन सोमवार तक लोक कल्याण हितार्थ सर्वसमाज द्वारा श्री हरि हरात्मक महायज्ञ की स्थापना की गई। 2148 मध्य प्रदेश में ही नहीं मंझला, महाराष्ट्र में भी बाणगंगा नदी को देवनदी, भागीरथी गंगा के समान पवित्र माना जाता है तथा पर्वों में पूर्ण श्रद्धा के साथ इसके जल में स्नान किया जाता है। भारतीय सांस्कृतिक परंपरा में गंगा को पवित्रता की पराकाष्ठा माना जाता है.., जबकि बाणगंगा के नाम में भी गंगा शब्द है, बल्कि इसकी पवित्रता जन परंपरा में असंदिग्ध सिद्ध होती है। हालाँकि इतिहास के ग्रंथों और ग्रंथों में इस नदी का अल्पांश वर्णित है। नवीनतम खोजों के आधार पर यह प्रमाणित किया गया है कि ताम्रकालीन मानव सभ्यता इस बन्नगांगा नदी के तट पर स्थित थी जिसका काल (समय) आज से लगभग दस सहस्त्र वर्ष पूर्व का आख्या है। हालाँकि ताम्र युग से पूर्व प्रागैतिहासिक काल में जो मानव सभ्यता का पाषाण युग था, उस समय के कुछ संकेत चिन्ह बाणगंगा के तटीय स्थानों में ऐतिहासिक रथों को मिले हैं ऐसे पढ़े गए हैं। बाणगंगा नदी के तटवर्ती क्षेत्र में उस समय की सभ्यता के महत्वपूर्ण केंद्र रहे हैं। यह भी पता चला है कि वर्तमान नाम महाराष्ट्र के भंडारा जिले और उसके आगे इस नदी में जलयान भी कभी थे। बाणगंगा नदी के तट पर स्थित ज्वालामुखी क्षेत्र के स्मारकों से वाकाटक घाटी के पिरामिड भी मिलते हैं। वाकाटक काल प्राचीन भारत का एक प्रमुख राजवंश है जिसका उल्लेख विष्णुपुराण, श्रीमद्भागवत, अग्निपुराण एवं वायु पुराण में भी मिलता है। इतिहास कारों के अनुसार इस राजवंश ने ईसा की दूसरी शताब्दी से पाचवी शताब्दी तक इस क्षेत्र में राज्य किया और यह राजवंश दस अश्वमेध यज्ञ करने के लिए प्रसिद्ध रहा है। उक्त साक्ष्यों से यह सिद्ध होता है कि बाणगंगा नदी आदिकाल से ही मानव सभ्यता का एक महत्वपूर्ण केन्द्र रही है।

### तेज रफ्तार बाइक बेकाबू होकर पत्थर से टकराई, एक घायल

**सिवनी।** जिले के कुरई थाना क्षेत्र में नागपुर रोड पर देर रात एक तेज रफ्तार बाइक बेकाबू होकर पत्थर से टकराकर फिसल गई। इस हादसे में बाइक सवार महेंद्र पटले (35) गंभीर घायल हो गया। कुरई अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, महेंद्र पटले खवासा की ओर से कुरई आ रहा था। नागपुर रोड के पास उनकी बाइक सडक़ पर पड़े पत्थर से टकरा गई, जिससे वह बेकाबू होकर फिसल गई। उन्हें सिर, हाथ, पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई हैं।

जिला अस्पताल रेफर प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना की सूचना पुलिस और 108 एम्बुलेंस को दी। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को एम्बुलेंस से कुरई अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। सूचना मिलने पर कुरई पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू की। पुलिस हादसे के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। जिस स्थान पर यह दुर्घटना हुई, वहां वाहनों और लोगों की आवाजाही अधिक रहती है। कुरई थाना प्रभारी कृपाल सिंह टेकाम ने बताया-66 बाइक फिसलने से हादसे की सूचना मिली थी और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस लगातार लोगों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील कर रही है, ताकि ऐसे हादसों को रोका जा सके।

### यूनिटी मार्च का आयोजन 5 नवंबर को, सिवनी में गूंजेगी एकता की पुकार

## सांसद भारती पारधी एवं विधायक दिनेश राय 'मुनमुन के नेतृत्व में निकलेगी पदयात्रा

**देश की एकता और अखंडता के प्रतीक भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 'मेरा युवा भारत कार्यक्रम के तत्वावधान में यूनिटी मार्च (पदयात्रा) का भव्य आयोजन किया जा रहा है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन ने जिलेवासियों से इस यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल होने का आह्वान किया है। इस पदयात्रा में सांसद श्रीमती भारती पारधी एवं विधायक दिनेश राय 'मुनमुन सहित जिले के सभी जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

### यात्रा मार्ग और कार्यक्रम विवरण

यह पदयात्रा 5 नवंबर 2025 को ग्राम कारीरात से सुबह 10 बजे प्रारंभ होकर शाम 3 बजे ग्राम सीलादेही स्थित मां वैष्णो देवी धाम में सम्पन्न होगी।

मार्ग में पडऩे वाले ग्राम भंडारपुर, चावड़ी, और पलारी में यात्रा का पड़ाव रहेगा, जहाँ एकता शपथ, स्वच्छता अभियान, नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम, चौपाल संवाद आयोजित किए जाएंगे।

### कार्तिक पूर्णिमा पर विशेष भंडारा

यात्रा के समापन के पश्चात सभी जनप्रतिनिधि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर वैष्णो देवी धाम में होने वाले भंडारे एवं धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

### आयोजन की तैयारी एवं जिम्मेदारियाँ

भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन ने प्रदेश के निर्देशानुसार कार्यक्रम के जिला प्रभारी पीयूष दुबे, सह प्रभारी संदीप उईके एवं स्वर्णिम साहू को बनाया है ।

इस यात्रा के प्रमुख मुनिया टांक, सह प्रमुख बि_ल पटेल, तथा लखनवाड़ा मंडल अध्यक्ष नितेश सनोडिया के नेतृत्व में पूरी टीम तैयारियों में जुटी है।

## अध्यक्ष पर अविश्वास लाए जाने की धारा को मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा हटा दिया जो कि लोकतंत्र के लिए न्याय संगत : राजिक अकील

**सिवनी।** मध्यप्रदेश में स्थानीय नगरपालिका, नगरपरिषद अध्यक्ष पर अविश्वास लाए जाने की धारा को मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा हटा दिया गया है जो कि लोकतंत्र के लिए न्याय संगत नही है गुना जिले की मधुसूदनगढ़ नगर परिषद के दो तिहाई से अधिक पार्षदों ने नगरपालिका अध्यक्ष पर अविश्वास प्रस्ताव लाये जाने के लिए जिला कलेक्टर को हस्ताक्षरयुक्त पत्र दिया था, जिला कलेक्टर द्वारा इस संबंध में नगरीय विकास एवं आवास विभाग से मार्ग दर्शन मांगा था। विभाग द्वारा उक्त संबंध में प.क्रं. 3544/2025/18-3, दिनांक 16/09/2025 में जवाब दिया गया कि मध्यप्रदेश राजपत्र(असाधारण) दिनांक 9 सितम्बर 2025 में प्रकाशित मध्यप्रदेश नगरपालिका(संशोधन) अध्यादेश 2025 से मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 43-क में संशोधन करते हुए धारा के पाव शीर्ष एवं धारा में जहां कही भी शब्द ''अध्यक्ष'' आया था, का लोप कर दिया गया है। अब उक्त धारा के अन्तर्गत नगरपालिका, नगर परिषद के किसी भी अध्यक्ष के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव नही लाया जा सकता, उक्त पत्र मंत्रालय द्वारा आर. के. कार्तिकेय उप सचिव नगरी विकास एवं आवास विभाग मध्यप्रदेश शासन की ओर से जिला कलेक्टर गुना को भेजा गया है। भारतीय जनता पार्टी सत्ता पाने एवं अपने पार्टी के जनप्रतिनिधियों को बचाने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है चाहे उसके लिए संविधान, लोकतंत्र का गला ही क्यों न घोटना पड़े। स्थानीय निकाय चुनाव 2022 के समय नगरपालिका अधिनियम की धारा 47 में स्पष्ट प्रावधान था यह भी प्रावधान था कि यदि दो तिहाई पार्षद चुनाव के 2 वर्ष बाद नगरपालिका अध्यक्ष को हटाने वोट देते है तो अध्यक्ष पद रिक्त माना जायेगा, भाजपा सरकार द्वारा नगरपालिका अधिनियम में संशोधन करते हुए 2 वर्ष से 3 वर्ष और दो तिहाई पार्षदो के स्थान पर तीन चैथाई पार्षदो के वोट से अध्यक्ष पद रिक्त माना जायेगा।

भाजपा को यह अच्छी तरह से मालूम था कि नगरपालिका, नगर परिषद में अधिकांश पार्षद जिन निकायो में भाजपा के अध्यक्ष है असंतुष्ट है दो वर्ष पूर्ण होने पर भारी संख्या पर नगरपालिका अध्यक्ष को हटाने पार्षदो ने मन बना लिया था, सिवनी जिले की तीन नगर परिषदों में लखनादौन, छपारा एवं केवलारी में भी पार्षदों द्वारा अध्यक्ष को हटाने की तैयारी की जा चुकी थी। पूरे प्रदेश में यही स्थिति थी भाजपा द्वारा नगरपालिका अध्यक्ष पद पर बैठे अपने पार्टी के अध्यक्षों को बचाने के लिए इस तरह का संशोधन किया है कि जो संविधान और लोकतंत्र के खिलाफ है शासन के इस निर्णय से माननीय उच्च न्यायालय से ही नगरपालिका और नगरपरिषद के अध्यक्ष को हटाने के लिए कोई दिशा निर्देश मिल सकते है।

### चालान : पौने दो लाख रुपए से अधिक का जुर्माना वसूला

# हेलमेट अभियान : पुलिस ने 545 चालान काटे

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में 1 नवंबर से अनिवार्य हेलमेट अभियान शुरू होने के बाद पुलिस ने चालानी कार्रवाई तेज कर दी है। पिछले दो दिनों में पुलिस ने कुल 545 चालान काटे हैं और पौने दो लाख रुपए से अधिक का जुर्माना वसूला है। यह कार्रवाई सड़क सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है।

यातायात विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, 1 नवंबर को 320 चालानों से 1 लाख 26 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया। वहीं, 2 नवंबर को 225 चालानों के माध्यम से 74 हजार 400 रुपए का जुर्माना एकत्र किया गया। विभाग का कहना है कि दूसरे दिन जुर्माने की राशि कम होने का कारण अधिक लोगों द्वारा हेलमेट पहनना हो सकता है।

यातायात थाना प्रभारी यीना राहंगडाले ने बताया कि सीट बेल्ट न लगाने, मोबाइल फोन का उपयोग करने, नंबर प्लेट संबंधी नियमों का उल्लंघन, नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने, बिना दस्तावेज और बीमा के वाहन चलाने पर भी चालान किए गए। इनमें सबसे अधिक 245 चालान बिना हेलमेट के वाहन चलाने वालों के काटे गए।

पुलिस शहर में 12 निश्चित बिंदुओं पर शाम 6 बजे से रात 12 बजे तक तैनात रहती है, साथ ही दो चेकिंग पॉइंट भी लगाए गए हैं। ये चेकिंग पॉइंट अलग-अलग चौराहों पर लगाए जा रहे हैं ताकि हेलमेट अभियान का संदेश पूरे शहर में फैले।

हेलमेट अनिवार्य किए जाने के बाद बालाघाट की ऑटोमोबाइल दुकानों पर हेलमेट की बिक्री में भारी उछाल आया है। अब शहर की सड़कों के किनारे भी हेलमेट बेचे जा रहे हैं। इसे देखते हुए राजस्व अमले ने जांच की और नागरिकों को आईएसआई मार्क वाले हेलमेट ही खरीदने की सलाह दी।

नायब तहसीलदार मंजुला महोबिया और नापतौल विभाग के निरीक्षक कछवाहा ने पुलिस के साथ मिलकर शहर के मुख्य सड़क मार्ग पर संचालित हेलमेट दुकानों का निरीक्षण किया। टीम ने विक्रेताओं और नागरिकों को आईएसआई मार्क देखकर ही हेलमेट बेचने और खरीदने की हिदायत दी।

### पुलिस ने दो बालिग आरोपियों अयूब और दानिश का जुलूस निकाला

# नाबालिग से गैंगरेप के 4 आरोपी गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मुख्यालय अंतर्गत अमोली में नाबालिग लड़की से बलात्कार का मामला प्रकाश में आया जहां नाबालिग पिड़िता के बयान के आधार पर सभी 4 आरोपियों को गिरफतार कर पास्को एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर दो नाबालिग युवकों को को जेल भेजा वहीं दो युवकों का बैल बाजार से पोलिस थाने तक जुलूस निकाला ।जानकारी अनुसार घटना 26 अक्टूबर की बताई जा रही है जिसमें आरोपियों द्वारा किसी वायरल विडियो को आधार बनाकर ब्लेकमैल कर नाबालिग से सामूहिक बलात्कार की घटना को अंजाम देकर पुनः नाबालिग को ब्लेकमैल किया जा रहा था जिससे प्रताड़ित नाबालिग द्वारा यह बात 1 नवंबर को अपने पिता को बताई और नाबालिग द्वारा परीजन के साथ स्थानीय पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई ।पुलिस ने पिड़िता के बयान के आधार पर गंभीर धाराओं जिसमें पास्को एक्ट गैंगरेप सहित मारने पीटने की धमकी का मामला दर्ज कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर दो नाबालिग को न्यायालय में पेश किया वहीं दो अन्य आरोपियों हिरासत में लेकर जुलूस निकाला।

**इनका कहना है**

1 नवंबर को बालिका द्वारा अपने परिवार के साथ थाने में गंभीर घटना की सूचना दी मामले की गंभीरता को देखते हुए हमने तत्काल वरिष्ठ अधिकारी को सूचित किया और सुसंगत धाराओं में मामला पंजीबद्ध किया 4 आरोपियों में दो नाबालिग है जिन्हें हमने न्यायालय में प्रस्तुत किया और दो आरोपियों से पूछताछ जारी है आगे जरुरत पड़ी तो उन्हें रिमांड पर लिया जाएगा।

**अभिषेक चौधरी - अनुविभागीय अधिकारी ( पुलिस)**

### महिला नक्सली बोली– बदनाम करने लगे थे, इसलिए सरेंडर किया

# हथियार छोड़ नक्सली सुनीता ने थामा सरकार का साथ!

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में पहली बार महिला नक्सली ने आत्मसमर्पण किया है। सरेंडर करने वाली सुनीता आयाम (22) हथियार चलाने में माहिर है। मध्यप्रदेश–महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में वह मोस्ट वॉन्टेड है। उस पर 14 लाख का इनाम भी घोषित है।

पूछताछ में उसने बताया है कि उसे दलम में बदनाम किया जा रहा था, इसलिए सरेंडर करने का निर्णय लिया। उसके पास से इंसास रायफल, तीन मैगजीन समेत अन्य सामग्री बरामद की गई है।

पूछताछ में सुनीता ने हॉक फोर्स के अफसरों को बताया कि मूल रूप से बीजापुर की रहने वाली है। पिता बिसरू आयाम भी नक्सली थे। साल 2022 में दलम संगठन जॉइन किया। संगठन में कुल 20 लोग थे। माड़ क्षेत्र की 6 महीने के प्रशिक्षण में अत्याधुनिक हथियार चलाने में माहिर हो गई। कम उम्र में काबिलियत को देखते हुए मलाजखंड-दर्रेकसा नक्सली संगठन का एरिया कमेटी मेंबर (एसीएम) बना दिया गया। एमएमसी जोन प्रभारी रामदेर की गार्ड बन गई। रामदेर का एक और गार्ड सागर भी है। तीन साल में हार्डकोर नक्सली के रूप में पहचान बना ली थी।

सुनीता ने बताया कि रामदेर उसे बदनाम करने लगा। उसने आरोप लगाया कि रामदेर कहने लगा कि उसका अवैध संबंध सागर के साथ है, जबकि ऐसा नहीं था। रामदेर ने भी उसका शोषण किया था। रामदेर की भी शादी हो चुकी है। संगठन के लोग शक की नजर से देखने लगे। यह बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगा। वहां घुट–घुटकर जी रही थी। इसके बाद दलम छोड़ने का मन बना लिया।

पूछताछ में सुनीता ने बताया कि 1 अक्टूबर की सुबह दलम से नक्सली वर्दी, इंसास रायफल समेत अन्य सामग्री लेकर पैदल निकल गई। पहले हथियार और सामग्री को जंगल में गड्ढा खोदकर छिपाया। लांजी थाना क्षेत्र के चौरिया में हॉक फोर्स कैंप पहुंची। आत्मसमर्पण की इच्छा जताई।

उसे देखकर वहां मौजूद पुलिसकर्मी भी हैरान रह गए। सूचना पुलिस और हॉकफोर्स के अधिकारी पहुंचे। सुनीता ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया। उसकी निशानदेही पर हथियार और अन्य सामग्री जब्त की गई।

बालाघाट में ही चौरिया के जंगल में देवेंद्र नाम के युवक की हत्या मुखबिरी के शक में कर दी गई थी। सुनीता ने पूछताछ में बताया कि उनके ही दलम ने वारदात को अंजाम दिया था। इसके लिए रामदेर, रोहित, विमला, तुलसी, चंदू दादा, प्रेम, अश्वीरे और सागर गए थे। देवेंद्र की मुखबिरी की शिकायत किसने की, इसकी जानकारी नहीं है।

आईजी संजय कुमार ने बताया कि सुनीता का आत्मसमर्पण प्रदेश की 'बेस्ट ऑफ बेस्ट सरेंडर पॉलिसी' का परिणाम है। उन्होंने कहा कि सरकार मार्च 2026 तक नक्सलवाद के खात्मे के लिए अभियान चला रही है।

**इनका कहना हैं**

सुनीता का इस तरह से खुद आकर आत्मसमर्पण करना पुलिस के प्रति बढ़ते विश्वास का प्रतीक है। सुनीता को पुनर्वास नीति के तहत आर्थिक सहायता दी जाएगी और उसे स्किल डेवलपमेंट प्रशिक्षण भी दिया जाएगा ताकि वह समाज की मुख्यधारा में लौटकर सम्मानजनक जीवन जी सके।

**आदित्य मिश्रा, एसपी बालाघाट**

## थानेगांव में उच्च स्तरीय टंकी का निर्माण कार्य प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जल जीवन मिशन के तहत विकासखण्ड लांजी के ग्राम थानेगांव में निर्मित 100 कि.ली. क्षमता एवं 12 मीटर स्टेजिंग की उच्च स्तरीय टंकी दिनांक 28 अगस्त को धराशायी हो गयी थी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बीएल उईके ने बताया कि ठेकेदार मेसर्स रायसिंग एंड कंपनी बालाघाट द्वारा नवीन उच्च स्तरीय टंकी के निर्माण की मौखिक सहमति के आधार पर एवं मुख्य अभियंता जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर के निर्देशानुसार ग्राम थानेगांव की नवीन उच्च स्तरीय टंकी निर्माण के लिए 31 अक्टूबर को कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।



राफ्ट फुटिंग का कार्य ठेकेदार मेसर्स रायसिंग एंड कंपनी बालाघाट द्वारा किया जा रहा है। ठेकेदार को निर्देशित किया गया है कि टंकी का कार्य गुणवत्ता के साथ किया जाए अन्यथा उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### बिना पंजीकरण दवा वितरण करने पर छह माह की सजा का प्रावधान

# फार्मेसी अधिनियम का उल्लंघन करने पर होगी सख्त कार्रवाई

**एम.पी. स्टेट फार्मेसी काउंसिल ने जारी की चेतावनी**

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। मध्यप्रदेश राज्य के समस्त अस्पतालों, फार्मेसियों और मेडिकल स्टोर्स के संचालकों के लिए एम.पी. स्टेट फार्मेसी काउंसिल, भोपाल ने एक आवश्यक सूचना जारी की है। इसमें कहा गया है कि फार्मेसी अधिनियम 1948 की धारा 42 के तहत मेडिकल प्रेक्टिशनर के प्रेसक्रिप्शघन पर केवल पंजीकृत फार्मासिस्ट द्वारा ही दवायें डिस्पेंस की जा सकती है। काउंसिल के अनुसार यदि किसी गैर पंजीकृत फार्मासिस्ट द्वारा दवाओं का वितरण किया जाता है, तो यह अधिनियम का उल्लंघन माना जाएगा और इसके लिए 03 माह तक का कारावास या 02 लाख रुपए तक का जुर्माना, अथवा दोनों दंड एक साथ दिए जा सकते हैं।

मुख्यल चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने बताया कि काउंसिल एम.पी. स्टेट फार्मेसी काउंसिल की रजिस्ट्रार श्री भव्या त्रिपाठी द्वारा जारी सूचना के अनुसार हाल ही में भारत सरकार के विधि मंत्रालय द्वारा जन विश्वास (Amendment of Provisions) Act 2023 के तहत फार्मेसी अधिनियम 1948 में संशोधन किए गए हैं। इसके अनुसार, यदि कोई फार्मासिस्ट या संस्थान अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करता है, तो उसका पंजीकरण निरस्त किया जा सकता है।

एम.पी. स्टेट फार्मेसी काउंसिल ने सभी अस्पतालों, क्लीनिकों, मेडिकल स्टोर्स और फार्मासिस्टों से अपील की है कि वे अधिनियम के नियमों का कड़ाई से पालन करें, अन्यथा कानूनी कार्यवाही से बचना संभव नहीं होगा।मुख्या चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने जिले के समस्त अस्पतालों, फार्मेसियों और मेडिकल स्टोर्स के संचालकों को निर्देशित किया है कि वे फार्मेसी अधिनियम 1948 का कड़ाई से पालन करें।

### 60 भिक्षुओं का आगमन, भव्य धम्म देशना; निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का होगा आयोजन

# धम्म शिखर बनियाटोला में कार्तिक पूर्णिमा पर विश्व शांति बौद्ध महोत्सव कल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

धम्म शिखर सद्धम्म प्रचार समिति बनियाटोला कायदी वारासिवनी के तत्वावधान में 5 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर 25वां विश्व शांति बौद्ध महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में शांति, सद्भाव और मानवता के सिद्धांतों को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम पूज्य भदंत डा. चंद्रकीर्ति के मुख्य आतिथ्य में होगा। विशेष अतिथि पूज्य भंते जी शील रक्क्षिता उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति ने बताया कि कार्यक्रम में देशभर के लगभग 60 भिक्षु उपस्थित रहेंगे, जो धम्म के विविध आयामों पर प्रवचन देंगे और जनसामान्य को बौद्ध शिक्षाओं से अवगत कराएंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 9 बजे बुद्ध वंदना के साथ होगा। जिसके बाद दोपहर 12 बजे से भिक्षु संघ द्वारा धम्मदेशना दी जाएगी। दोपहर 1 बजे से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें डॉ. अजित गणवीर एमएस, ऑर्थोपेडिक मुंबई, डॉ. वेद प्रकाश लिल्हारे एमबीबीएस, डीएनबी, डाइबेटोलॉजिस्ट, डॉ. पलास गनवीर एमएस,





गायनेकोलॉजी, डॉ. तरुण विजयवार फिजियोथेरेपिस्ट, डॉ. एस. एस. पिछोड़े डेंटल सर्जन, डॉ. नीलीमा लिल्हारे डेंटल सर्जन, डॉ. आनंद नागदवे बाल रोग विशेषज्ञ, डॉ. स्मरण ठाकुर शिशु रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे।महोत्सव की सांस्कृतिक प्रस्तुति में प्रमुख राष्ट्रीय बहुजन गायक शशिभूषण और प्रकाश सागर दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक आर्केष्ट्रा बोधिसत्व की प्रस्तुति देंगे। इस आयोजन के माध्यम से समिति का उद्देश्य समाज में बौद्ध विचारधारा के मूल सिद्धांतों करुणा, समता और अहिंसा का प्रचार-प्रसार करना है। धम्म शिखर सद्धम्म प्रचार समिति बनियाटोला कायदी वारासिवनी के अध्यक्ष वंदना स्वराज बारमाटे, उपाध्यक्ष एवं अधिवक्ता संजय खोबरागड़े, सचिव दिपंकर पाटिल, कोषाध्यक्ष स्वराज बारमाटे, संयुक्त सचिव अनिल गजभिये, सदस्य अखिल मेश्राम, सदस्य जयप्रकाश ने जिले व आसपास के सभी बौद्ध अनुयायियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस ऐतिहासिक बौद्ध महोत्सव को सफल बनाने की अपील की है।

### सड़क सुरक्षा के प्रति दिया जागरूकता संदेश

# समाजसेवी राजेश पाठक ने पत्रकारों को दिए हेलमेट










हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले के प्रतिष्ठित समाजसेवी, व्यवसायी और विभिन्न सामाजिक एवं खेल संगठनों से जुड़े सक्रिय व्यक्तित्व राजेश पाठक ने एक बार फिर समाजहित में मिसाल पेश की है। जिले के लगभग 100 पत्रकारों को हेलमेट प्रदान कर उन्होंने न केवल पत्रकारों की सुरक्षा का ध्यान रखा बल्कि सड़क सुरक्षा के प्रति एक सकारात्मक संदेश भी दिया।

जिला सर्वब्राह्मण समाज के अध्यक्ष और मध्यप्रदेश कबड्डी संघ के उपाध्यक्ष राजेश पाठक लंबे समय से सामाजिक कार्यों और खेल गतिविधियों में अपनी अग्रणी भूमिका निभाते आ रहे हैं। अपने समाजसेवी दृष्टिकोण और लोगों से जुड़ाव के लिए प्रसिद्ध पाठक ने इस बार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ — पत्रकारों — के हित में यह पहल की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बालाघाट जिले में पुलिस विभाग द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट उपयोग के लिए प्रेरित करने की जो मुहिम चलाई जा रही है, वह सराहनीय है। दुर्घटनाओं में जनहानि को रोकने के लिए हेलमेट एक प्रभावी सुरक्षा कवच है। इसी मुहिम को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने पत्रकार साथियों को हेलमेट भेंट कर समाज में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया है।

राजेश पाठक ने कहा— "पत्रकार समाज और देश की सेवा के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं। वे अक्सर खबरों की खोज में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर दौड़धूप में रहते हैं। ऐसे में उनका सुरक्षित रहना भी उतना ही जरूरी है जितना कि उनका कार्य। मैंने सोचा कि यदि हम अपने पत्रकार मित्रों को सुरक्षा का एक छोटा सा साधन उपलब्ध करा सकें, तो यह हमारी ओर से समाज के प्रति जिम्मेदारी का एक छोटा योगदान होगा।"

उन्होंने कहा कि यह कोई बड़ा या महान कार्य नहीं, बल्कि एक जागरूक नागरिक का कर्तव्य है। सड़क पर वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना न केवल कानूनी आवश्यकता है, बल्कि जीवन की सुरक्षा के लिए आवश्यक भी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जिले के सभी पत्रकार साथी भविष्य में दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनेंगे और समाज में इस संदेश को आगे बढ़ाएंगे।

पत्रकार समुदाय ने राजेश पाठक की इस पहल की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उपस्थित पत्रकारों ने कहा कि राजेश पाठक सदैव समाज से जुड़े कार्यों में सक्रिय रहते हैं। चाहे खेलों को प्रोत्साहन देना हो, जरूरतमंदों की सहायता करना हो या सामाजिक जागरूकता फैलाना — वे हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। उनका यह कदम निश्चित रूप से प्रेरणादायक है और इससे समाज में सुरक्षा के प्रति चेतना बढ़ेगी।

पत्रकारों ने कहा कि इस पहल से यह संदेश मिलता है कि सामाजिक जिम्मेदारी निभाने के लिए किसी बड़े पद या अधिकार की आवश्यकता नहीं होती, बल्कि एक संवेदनशील सोच ही समाज में बड़ा परिवर्तन ला सकती है।

कार्यक्रम के अंत में सभी पत्रकारों ने राजेश पाठक के इस अनूठे प्रयास के लिए आभार व्यक्त किया और आशा जताई कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार समाजोपयोगी कार्यों को आगे बढ़ाते रहेंगे।

# धान की कटाई के बाद कड़पे को खड़ा रखने की सलाह



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिला मध्यप्रदेश का सर्वाधिक धान उत्पादक जिला है और कम समय में पकने वाली धान की कटाई किसानों द्वारा शुरू कर दी गई है। पिछले दिनों हुई बारिश के कारण धान के खेतों में नमी बनी हुई है। ऐसी स्थिति में धान की कटाई के बाद उसे सुरक्षित रखने के लिए किसानों को सलाह दी जा रही है कि धान के कड़पों को खेत में सुलाकर न रखें बल्कि गट्ठे बनाकर उन्हें खड़ा करके रखें।

उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि पिछले दिनों हुई अतिवृष्टि एवं कीट व्याधि के कारण धान फसल को हुए नुकसान का सर्वे कार्य किया जा रहा है। सर्वे के दौरान कृषि विभाग के अमले द्वारा किसानों को सलाह दी जा रही है कि धान की कटाई के बाद उसे सुरक्षित रखने के लिए कड़पों को खेत में नीचे जमीन पर सुलाकर न रखें बल्कि उसे गट्ठे बनाकर खेत में खड़े स्थिति में रखें। इससे खेत की नमी से कटी हुई धान की बालियां सुरक्षित रहेंगी। यदि ऐसी स्थिति में वर्षा भी हो जायेगी तो धान को नुकसान नहीं होगा। धान की फसल को कटाई के बाद कड़पों को जमीन पर सुलाकर रखने से जमीन की नमी से धान की बालियां काली पड़ने या अंकुरित होने की संभावना बनी रहेगी। कृषि विभाग के अमले ने ग्राम आंवलाझरी में किसान के खेत में धान के कड़पों को खड़ा रखने की प्रक्रिया भी करके दिखाई।